12

मुख्य वचनः मत्ती 14:22-26

प्रार्थनाएं, गीत और वचन

परमेश्वर के अनुपात के बाहर न हो तो प्रभु-भोज से पूर्व गीतों, वचन, टिप्पणियों का चयन करने में स्थानीय मण्डली के लोग अपने निर्णय और प्राथमिकताओं का इस्तेमाल कर सकते हैं। भोज की तैयारी में इनके इस्तेमाल पर बाइबल कुछ नहीं बताती। यदि सावधानीपूर्वक ध्यान करके उनका चयन किया जाता है तो वे भोज में भाग लेने वालों को प्रभु की मृत्यु को स्मरण करने पर और अच्छी तरह से ध्यान लगाने में सहायता कर सकते हैं।

मेज़ पर अगुआई करने वालों को भोज के प्रबन्ध के लिए उपयुक्त समय दिया जाना चाहिए। सेवा के महत्व और गम्भीरता के कारण हर बात को सावधानीपूर्वक विचारा जाना और समय से पहले तैयारी किया जाना आवश्यकत है। प्रचारक को अन्तिम समय में पता नहीं चलना चाहिए कि उसे संदेश देना है।

प्रार्थनाएं

धन्यवाद एक प्रार्थना, यीशु ने प्रेरितों को रोटी देने से पहले की और एक और प्रार्थना उन्हें दाख का रस देने से पहले की (मत्ती 26:26, 27; 1 कुरिन्थियों 11:23-25)। यह बात प्रभु-भोज को देने में अगुआई करने वालों के लिए नमूना होना चाहिए। वचन में उसकी प्रार्थनाओं में इस्तेमाल होने वाले शब्दों को ज्यों का त्यों नहीं बताया गया है, पर हम जानते हैं कि उसने कैसी प्रार्थनाएं कीं। हम उसके रोटी (मत्ती 26:26; मरकुस 14:22) और कटोरे पर ''आशीष देने'' (1 कुरिन्थियों 10:16) और फिर रोटी (लूका 22:19) और कटोरे (मत्ती 26:27; मरकुस 14:23; लूका 22:17) के लिए ''धन्यवाद'' देने की बात पढ़ते हैं।

''धन्यवाद'' और ''आशीष'' शब्दों का इस्तेमाल एक-दूसरे के स्थान पर किया गया है। इस संदर्भ में ''आशीष'' का अर्थ ''धार्मिक संस्कार के कारण पवित्र बनाना'' नहीं है ''परमेश्वर के समर्थन के लिए आभार व्यक्त करना है।'' हम रोटी और कटोरे पर आशीष नही देते हैं, क्योंकि यीशु की मृत्यु के द्वारा वह पहले ही आशीषित हो चुके हैं। प्रार्थना यीशु के हमारे पापों की क्षमा के लिए अपने शरीर और लहू के प्रेमपूर्वक बलिदान के लिए परमेश्वर को धन्यवाद होना चाहिए।

गीत

भोज के लिए गीतों का चयन भाग लेने वालों को यीशु और उसके बलिदान पर ध्यान लगाने में सहायता के लिए किया जाना चाहिए। कई मण्डलियां हर सहभागिता सेवा से पूर्व वही एक या दो गीत गाती हैं। इससे वे गीत इतने प्रचलित और जाने पहचाने हो सकते हैं कि वे बिना सोचे विचारे गा सकते हैं, जिससे वे व्यर्थ और भावना रहित हो सकते हैं।

गीतों की गई पुस्तकों में सूची में इस अवसर के लिए उपयुक्त गीत हो सकते हैं। इनके अलावा मसीह की मृत्यु और दुख उठाने से सम्बन्धित एक या दो आयतों का इस्तेमाल किया जा सकता है। दो या तीन गीतों से चुनिन्दा पद्य गाना आराधना में विभिन्नता और सार्थकता ला सकता है।

वचन

प्रभु-भोज के लिए चुनी गई आयतें हर बार दो या तीन वही नहीं होनी चाहिए। वचन के एक भाग में से पढ़ना या अलग-अलग हवालों में से कुछ छोटी-छोटी आयतें पढ़ना सहायक हो सकता है।

प्रभु-भोज के परिचय के लिए वचन पढ़ने को चुनने वाले व्यक्ति की सहायता के लिए, उपयुक्त आयतें नीचे दी गई हैं, जिनमें प्रत्येक के साथ मुख्य विचार या वाक्यांश भी है। कहीं -कहीं नये नियम के हवालों के साथ मेल खाते पुराने नियम के हवाले भी हैं।

उत्पत्ति 22:18; व्यवस्थाविवरण 21:22, 23: ''जो कोई काठ पर लटकाया जाता है, वह शापित है''; देखें गलातियों 3:10-16.

निर्गमन 24:5-8: ''देखो वाचा का लहू''; देखें इब्रानियों 9:15-18.

भजन संहिता 22:1, 16-18: ''मेरे हाथ और मेरे पांव भेदे गए''; देखें यूहन्ना 19:33-35.

भजन संहिता 34:20: ''वह उसकी हड्डी-हड्डी की रक्षा करता है; और उनमें से एक भी टूटने नहीं पाती''; देखें यूहन्ना 19:30-37.

भजन संहिता 40:6-8: ''मैं तेरी इच्छा पूरी करने से प्रसन्न हूं''; देखें मत्ती 26:39; इब्रानियों 10:5-10.

भजन संहिता 69:20, 21: ''मेरी प्यास बुझाने के लिए मुझे सिरका पिलाया''; देखें मत्ती 27:45-50.

यशायाह 53:1-12 (पाप के लिए यीशु के दुख सहने की भविष्यवाणी)।

जकर्याह 12:10: ''जिसे उन्होंने भेदा है''; देखें यूहन्ना 19:34-37.

जकर्याह 13:6, 7: ''चरवाहे के विरुद्ध चल''; देखें मत्ती 26:31-56.

मत्ती 20:25-28: ''बहुतों की छुड़ौती लिए अपने प्राण दें।''

मत्ती 26:26-29 (प्रभु-भोज की स्थापना)।

मत्ती 27:15-54 (क्रूस पर चढ़ाए जाने का दृश्य)।

मरकुस 10:32-34: ''वे उसको ठट्ठों में उड़ाएंगे, उस पर थूकेंगे और उस पर कोड़े मारेंगे और उस पर घात करेंगे।''

मरकुस 14:22-25 (प्रभु-भोज की स्थापना)।

मरकुस 15:16-39 (क्रूस पर चढ़ाए जाने का दृश्य)।

लूका 18:31-33: ''वे उसे घात करेंगे और वह तीसरे दिन जी उठेगा।''

लूका 22:17-20 (प्रभु-भोज की स्थापना)।

लूका 23:13-49 (क्रूस पर चढ़ाए जाने का दृश्य)।

यूहन्ना 3:14-17: ''ऊपर उठाया गया''; देखें 8:28; 12:32.

यूहन्ना 10:14-18: ''मैं अपना प्राण देता हूं ताकि उसे फिर ले सकूं।''

यूहन्ना 12:24-33: ''मृत्यु की किस्म जिसके द्वारा उसने मरना था।''

यूहन्ना 15:12-14: ''इससे बड़ा प्रेम किसी का नहीं कि कोई अपने मित्रों के लिए प्राण दे।''

यूहन्ना 19:1-37 (क्रूस पर चढ़ाए जाने का दृश्य)।

प्रेरितों 2:22-41: ''अधर्मियों के हाथ से क्रूस पर चढ़वाकर मार डाला गया।''

प्रेरितों 3:13-21: ''जीवन के कर्त्ता को मार डाला।''

प्रेरितों 5:30-32: ''परमेश्वर ने यीशु को जिलाया, जिसे तुम ने मार डाल था।''

प्रेरितों 10:38-43: ''उन्होंने उसे काठ पर लटकाकर मार डाला।''

प्रेरितों 13:26-39: ''उन्होंने मार डालने के योग्य कोई दोष उसमें न पाया।''

प्रेरितों 26:19-32: ''मसीह को दुख उठाना था।''

रोमियों 3:21-26: ''परमेश्वर ने उसके लहू के कारण एक प्रायश्चित दिखाया।''

रोमियों 5:6-11: ''मसीह ठीक समय पर भक्तिहीनों के लिए मरा।''

रोमियों 6:1-11: ''वह पाप के लिए एक ही बार मर गया।''

रोमियों 8:31, 32: ''उसने ... उसे हम सब के लिए दे दिया।''

1 कुरिन्थियों 1:18-24: ''क्रूस ... हम उद्धार पाने वालों के लिए परमेश्वर की सामर्थ है।''

1 कुरिन्थियों 2:1-5: ''मैंने यह ठान लिया था कि तुम्हारे बीच मसीह वरन क्रूस पर चढ़ाए हुए को छोड़ और किसी बात को न जानूं।''

1 कुरिन्थियों 10:16-22 (प्रभु की मेज, पर मूर्ति की मेज़ नहीं)।

1 कुरिन्थियों 11:17-34 (प्रभु-भोज की स्थापना)।

1 कुरिन्थियों 15:1-6: ''मसीह पवित्र शास्त्र के अनुसार मसीह हमारे पापों के लिए मर गया।''

2 कुरिन्थियों 5:14-21: ''सब के लिए मरा।''

गलातियों 1:3-5: ''जिसने अपने आपको हमारे पापों के लिए दे दिया।''

गलातियों 2:20; 6:14, 15: ''मैं ... घमण्ड करूं, हमारे प्रभु यीशु मसीह के क्रूस का।''

इफिसियों 2:11-18: ''मसीह के लहू के द्वारा निकट हो गए हो।''

फिलिप्पियों 2:5-11: ''यहां तक आज्ञाकारी रहा कि मृत्यु, हां क्रूस की मृत्यु भी सह ली।''

कुलुस्सियों 1:15-23: ''उसके क्रूस पर बहे लहू के द्वारा मेल मिलाप करके।''

1 थिस्सलुनीकियों 4:14-18: ''हम विश्वास करते हैं, कि यीशु मरा और जी भी उठा।''

1 थिस्सलुनीकियों 5:4-11: ''जो हमारे लिए मर गया।''

1 तीमुथियुस 2:3-8: ''जिसने अपने आपको सबके छुटकारे के काम में दे दिया।''

तीतुस 2:11-14: ''मसीह यीशु, ... जिसने अपने आपको हमारे लिए दे दिया।''

इब्रानियों 2:9-18: ''यीशु को ... मृत्यु का दुख उठाने के कारण महिमा और आदर का मुकुट पहने हुए देखते हैं।''

इब्रानियों 5:7-9: ''उसने ऊंचे शब्द में पुकार पुकारकर और आंसू बहा बहाकर उससे जो

उसको मृत्यु से बचा सकता था, प्रार्थनाएं और विनती की''; देखें मत्ती 26:31-46.

इब्रानियों 9:11-14: ''मसीह ने अपने ही लहू के द्वारा, एक ही बार पवित्र स्थान में प्रवेश किया।''

इब्रानियों 9:22-28: ''वह एक ही बार प्रगट हुआ है, ताकि अपने ही बलिदान के द्वारा पाप को दूर करे।''

इब्रानियों 10:5-23: ''यीशु के लहू के द्वारा समीप आएं।''

इब्रानियों 12:1-4: ''[उसने] क्रूस का दुख सहा।''

इब्रानियों 13:10-15: ''यीशु ने ... अपने ही लहू के द्वारा ... फाटक के बाहर दुख उठाया।''

इब्रानियों 13:20, 21: ''सनातन वाचा के लहू के गुण से।''

1 पतरस 1:17-23: ''तुम्हारा छुटकारा ... निर्दोष और निष्कलंक मेम्ने अर्थात मसीह के बहुमूल्य लहू के द्वारा हुआ।''

1 पतरस 2:4-12: ''उसके पास आकर जिसे मनुष्यों ने तो निकम्मा ठहराया परन्तु परमेश्वर के निकट चुना हुआ और बहुमूल्य जीवता पत्थर है।''

1 पतरस 2:21-25: ''वह आप ही हमारे पापों को अपनी देह पर लिए हुए क्रूस पर चढ़ गया।''

1 पतरस 3:13-22: ''मसीह ... हमारे पापों के लिए मर गया।''

1 यूहन्ना 3:16: ''उसने हमारे लिए अपने प्राण दे दिए''; देखें 4:9-11.

1 यूहन्ना 5:4-9: ''जो पानी और लहू के द्वारा आया था, अर्थात यीशु मसीह।''

प्रकाशितवाक्य 1:4, 5: ''वह हम से प्रेम रखता है और उसने अपने लहू के द्वारा हमें पापों से छुड़ाया है।''

प्रकाशितवाक्य 5:9-14: ''अपने लहू से परमेश्वर के लिए लोगों को मोल लिया।''

प्रकाशितवाक्य 7:9-17: ''इन्होंने अपने अपने वस्त्र मेमने के लहू में धोकर श्वेत किए हैं।''

प्रकाशितवाक्य 12:7-11: ''मेमने के लहू के कारण जयवंत हुए।''

प्रकाशितवाक्य 19:11-16: ''वह लहू छिड़का हुआ वस्त्र पहने है।''

सारांश

प्रभु-भोज लेने में अगुआई करने वालों को चाहिए कि वे जो कुछ कहते और करते हैं उस पर गम्भीरतापूर्वक विचार करें। सावधानी से चुने गए उपयुक्त गीत और वचन से और इस सेवा के लिए प्रासंगिक प्रार्थनाएं करने और विचार देने के द्वारा वे यीशु के शरीर के लहू की ओर और मण्डली को ध्यान लगाने में सहायता कर सकते हैं। उन्हें प्रभु-भोज की स्थापना के समय यीशु की टिप्पणियों की संक्षिप्ता पर विचार करना चाहिए। उसने लम्बा भाषण नहीं दिया। समझाने का उद्देश्य क्रूस पर चढ़ाए गए अपने प्रभु पर मण्डली को ध्यान दिलाने में सहायता के लिए होना चाहिए न कि सुनने वालों को प्रभावित करने के लिए लम्बा भाषण देना। कलीसिया के अधिकतर सदस्यों को बिना लम्बी व्याख्या के भी प्रभु-भोज की समझ होगी। ध्यान संदेश के

छोटा या बड़ा होने पर नहीं बल्कि भोज के अर्थ और आत्मिक महत्व पर आराधकों को समझाने में सहायता पर होना चाहिए।